Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (3) विविध–21/2020 10849

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पश्चिम चम्पारण, बाँका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालन्दा।

पटना, दिनांक : 17-09-2020

विषय :– नवनियोजित संविदा कर्मियों के स्थानीय आवास का सत्यापन एवं विडियो मिटिंग में उपस्थिति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संविदा पदों यथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगों, विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं विशेष सर्वेक्षण लिपिक का पदस्थापन आपके जिलों में किया गया है।

उपर्युक्त नवनियोजित संविदा कर्मियों को जिलों के विभिन्न अंचलों में स्थापित शिविरो में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त किया गया है। उक्त पदस्थापित/प्रतिनियुक्त कर्मियों के स्थानीय आवासीय पता संबंधित कर्मियों से प्राप्त किया जाना है। उक्त प्राप्त स्थानीय पता का सत्यापन बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा किया जाएगा। आवासीय पता के सत्यापन के पश्चात ही उक्त कर्मी के पारिश्रमिकी/मानदेय का भुगतान किया जाएगा।

2. सभी नवनियोजित एवं नवपदस्थापित संविदा कर्मियों में से कुछ चयनित/नामित कर्मियों का प्रतिदिन पूर्वाह्न एवं अपराह्न में Zoom App की सहायता से विडियों कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा किये जा रहे कार्य की समीक्षा मुख्यालय/जिला/अंचल स्तर से की जाएगी। उक्त समीक्षा में संबंधित कर्मियो का अपने कार्य स्थल पर रहना अनिवार्य है। समीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाये गए कर्मियों को अनुपस्थित मानते हुए उक्त दिन का पारिश्रमिक/मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त दोनो कंडिकाओं का अनुपालन करते हुए इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी समय–समय पर उपलब्ध करायी जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 17/9/20
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0 (3) विविध–21/2020...10849........ **पटना, दिनांक** 17-09-2020

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित संविदा कर्मियो/प्रभारी पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0 (3) विविध–21/2020...10849....... **पटना, दिनांक** 17-09-2020

प्रतिलिपि :– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0 (3) विविध–21/2020..10849......... **पटना, दिनांक** 17-09-2020

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
17/9